(घ) अर्ध-सरकारी पत्र का आशय बताते हुए उसका एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

अधोलिखित अंश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

असम ग्रामीण बैंक के सामान्य परिपत्र संख्या 90/परि/87 दिनांक 16 जून, 2023 ई० की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है जिसमें स्पष्ट निदेश दिया गया है कि कोई भी कर्मचारी कार्यालय में देरी से आने पर आधे दिन के अवकाश पर समझा जायेगा। कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में आने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिये गये थे।

विगत माह विभिन्न विभागों, अनुभागों तथा प्रभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इससे यह तथ्य सामने आया है कि अनेक कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतः निदेश दिया जाता है कि इसके पश्चात् यदि कोई कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होंगे, तब उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

***





# 2023

## HINDI

### ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–5026

**( प्रयोजनमूलक हिन्दी )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions***

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) संविधान की 8वीं अनुसूची में भारत की कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है?

(ख) संविधान के 343वें अनुच्छेद के अनुसार संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप क्या होगा?

(ग) ऐसे दो अहिन्दी-भाषी राज्यों के नाम बताइए जिनका केन्द्रीय सरकार के साथ पत्राचार हिन्दी में होता है।

(घ) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

(ङ) प्रयोजनमूलक हिन्दी से आप क्या समझते हैं?

(च) 'संसदीय राजभाषा समिति' का गठन कब किया गया था?

(छ) 'अनुस्मारक' क्या है?

(ज) 'As early as possible' का हिन्दी पर्याय क्या है?

(झ) सरकारी पत्राचार में प्रयुक्त भाषा की कोई एक विशेषता लिखिए।

(ञ) व्यावसायिक पत्र किसे कहते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) संविधान के 350वें अनुच्छेद में भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए क्या प्रावधान है?

(ख) प्रयोजनमूलक हिन्दी की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) चलचित्रों में प्रयुक्त हिन्दी भाषा के किन्हीं दो लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली का आशय क्या है?

(ङ) 'आलेखन' से आप क्या समझते हैं?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(ख) राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के अंतरों को रेखांकित कीजिए।

(ग) वैज्ञानिक हिन्दी की कोई पाँच विशेषताएँ बताइए।





(घ) रेडियो में प्रयुक्त हिन्दी भाषा के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) व्यावसायिक पत्र की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(च) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

Allotment ; Code ; Directorate ; Report ; Payment ; General Manager ; External Affairs Ministry ; Action ; Verification ; Technical.

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) राजभाषा अधिनियम, 1976 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए।

(ख) कार्यालयीन हिन्दी से आप क्या समझते हैं? उसके प्रमुख लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

दूरदर्शन में हिन्दी भाषा के बदलते स्वरूप पर आलोकपात कीजिए।

(ग) व्यावसायिक हिन्दी का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

टिप्पणी किसे कहते हैं? टिप्पणी-लेखन के प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।